# दो - भाग निविदा

## हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
## कोनिफर परिसर, पंथाघाटी,
## शिमला- 171013

# 2018-19

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान
**HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE**
**(Indian Council of Forestry Research & Education)**
Conifer Campus, Panthaghati, Shimla - 171 013
PHONE: 0177-2816127; FAX: 0177-2626779; E-MAIL: po_hfri@icfre.org

**N:. 5-1(12-A)/2018/HFRI/** **Date: March, 2018**

## निविदा आमन्त्रित करने हतु सूचना

1. विभिन्न प्रकार की टैक्सी सेवाओं को उपलब्ध करवाने के लिए एकल स्तर प्रणाली पर दो-भाग निविदा ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं । ऑफलाइन निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
2. नीचे दिए गए निविदा महत्वपूर्ण तारीख शीट के अनुसार, निविदा दस्तावेज एचएफआरआई की वेब साइट http://hfri.icfre.gov.in (केवल संदर्भ के लिए) और सीपीपीपी साइट, https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती हैं

| विषय | महत्वपूर्ण दिनांक/समय | स्तीन |
|---|---|---|
| प्रकाशित तिथि | 23.03.2018 5: 00PM | एचएफआरआई/आईसीएफआरआई वेबसाइट और सीपीपी पोर्टल |
| **निविदा** दस्तावेज डाउनलोड | 23.03.2018 6: 00PM | केंन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPPP) |
| प्री-बिड सम्मेलन के लिए नियत तारीख | 26.03.2018 11: 00AM | खरीद अनुभाग, एचएफआरआई |
| निविदा प्रस्तुत करने की तारीख | 26.03.2018 3: 00PM | सीपीपी पोर्टल |
| **निविदा** जमा करने की समाप्ति तिथि | 23.04.2018 5: 00PM | सीपीपी पोर्टल |
| तकनीकी **निविदा** के खुलने की तारीख | 25.04.2018 11: 00AM | सीपीपी पोर्टल/खरीद अनुभाग, एचएफआरआई |
| वित्तीय **निविदा** के लिए खोलने की तिथि | तकनीकी मूल्यांकन के बाद निर्णय लिया जाएगा । | सीपीपी पोर्टल |

**क्रय अधिकारी**
हि॰व॰अ॰सं॰, शिमला

**(मूल्य रूपये 590)**

**हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में**

# टैक्सी किराए पर लेने हेतु लिमिटेड निविदाएं

**हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला**

**कॉनिफर कैम्पस, पंथाघाटी,**

**शिमला——171013 (हिमाचल प्रदेश)**

# सूची तालिका निविदाकार द्वारा भरी जानी है:

| क्र.सं. | दस्तावेजों की स्कैन की हुई कॉपी | हां/नहीं |
|---|---|---|
| 1. | पीडीएफ प्रारूप में वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र जो वाहन निविदाकार के नाम हो या संयोजन का अनुबंध की हस्ताक्षरित और स्कैन की हुई कॉपी । | |
| 2. | पीडीएफ प्रारूप में अतीत में इसी प्रकार के कार्यों के निष्पादन के दावे के समर्थन में दस्तावेजी सबूत | |
| 3. | पीडीएफ प्रारूप में पैन नंबर की कॉपी | |
| 4. | पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन किए गए पिछले तीन साल के आयकर की कॉपी | |
| 5. | पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन किए गए जी.एस.टी. नं. (GST) की कॉपी । | |
| 6. | पीडीएफ प्रारूप में ईएमडी छूट प्रमाण कर स्कैन की हुई कॉपी, यदि निविदाकर्ता पर लागू हो । | |
| 7. | पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन निविदा शुल्क (रूपए 590) प्रतिलिपि | |
| 8. | पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन ईएमडी (रूपए 10,000) की प्रति । | |
| 9. | पीडीएफ प्रारूप में आइटम के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधि प्रमाण पत्र । | |

अग्रेषण पत्र

(निविदा पार्टी द्वारा भरा जाना है)

सेवा में,

**निदेशक,**
एच.एफ.आर.आई.,
कॉनिफर कैम्पस, पंथाघाटी,
शिमला -171013 (हि.प्र.)

**विषयः** **हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान में टैक्सी किराए पर लेने हेतु लिमिटेड निविदाएं – बारे ।**

**संदर्भः** **आपका टैंडर नोटिस दिनांक**

महोदय,

मैं/ हम **01.04.2018 से 31.03.2019** के लिए टैक्सी सेवाए उपलब्ध करवाने हेतू अपनी टैंडर बिड प्रस्तुत करते हैं । मैं/ हम निर्धारित समयानुसार टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबन्धित होगें । मैंने / हमनें निविदा दस्तावेज में दी गई शर्तों को पूर्ण रूप से समझ लिया है तथा कान्टेक्ट शर्तों को पूर्णतः जॉच लिया है । मैंने/ हमने कान्टेक्ट के स्वभाव (nature) को भली-भांति समझ लिया है तथा संस्थान को अपनी टैक्सी सेवाएं निर्धारित समयानुसार **01.04.2018 से 31.03.2019** के लिए उपलब्ध करवाने हेतू सहमत हैं ।

तदानुसार, हम इसके साथ ई एम डी और निविदा शुल्क बैंक ड्राफ्ट के रूप में संलग्न कर रहे हैं ।

भवदीय,

**निविदाकार/ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर**
**पता व दूरभाष न० सहित**

# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

## टैंडर फॉम ए

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **निविदाकर्ता का नाम व पता (स्पष्ट अक्षरों में )** | |
| | | |
| | | |

2. विशिष्टता और विवरणः संलग्न
3. टैंडर फीस का ब्योराः

राशि रूपये ____________________ ड्राफ्ट बैंकर चैक न॰______________ का नाम दिनांक _______________

4. Earnest Money का विवरणः

राशि रूपये _______________________ ड्राफ्ट बैंकर चैक न॰______________ का नाम दिनांक_______________

मैं/ हम निविदा प्रपत्र में दिए गए नियमों और शर्तों को स्वीकार करते हैं ।

दिनांक

स्थान

तारीख और मुहर के साथ निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

## क्वालीफाइंग बिड के लिए प्रोफार्मा/ प्रपत्र

1. निविदाकार का नाम ________________________________________
2. पत्ता (मोबाईल न० व अन्य दूरभाष न० सहित)___________________________
3. निविदाकार का पंजीकृत न०_______________________________________
   (पंजीकरण की छाया प्रति सलंगित की जाए )
4. निविदाकार का PAN न०
   (छाया प्रति सलंगित होनी चाहिए)
5. निविदाकार का सेवा कर पंजीकरण प्रमाण पत्र
   (छाया प्रति सलंगित होनी चाहिए)
6. टैक्सी का मेक (Make) पंजीकरण न० सहित__________________________
   (पंजीकृत बुक की छाया प्रति सलंगित की जाए )

| क्र. सं. | टैक्सी न. | वाहन मालिक का नाम | वाहन का प्रकार (Type of Vehicle ) | मॉडल | तय दूरी (कि.मी.) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | | | | | |
| **2.** | | | | | |

नोटः वाहन निविदाकार के नाम न होने पर लोक लेख्य प्रमाणक द्वारा सत्यापित टैक्सी संयोजक के अनुबंध सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न किए जाएं ।

7. निदेशक, एच.एफ.आर.आई.- के नाम, ब्याना (EMD) राशि रू० ____________ का ड्राफ्ट/ बैंक गारन्टी न०________ दिनांक__________ जारी बैंक का नाम _________ ।
8. पिछले तीन वर्षों में प्रमुख टैक्सी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का विवरण निम्न प्रारूप में दें :

| क्र. सं. | सरकारी संस्थाओं का पत्ता, दूरभाष न०, फैक्स तथा ई-मेल आदि | कान्ट्रैक्ट की राशि | कान्ट्रैक्ट की अवधी |
|---|---|---|---|
| **1.** | | | |
| **2.** | | | |
| **3.** | | | |

सम्बन्धित संस्थाओं का यदि कोई प्रमाण-पत्र हो तों, सलंग्न करें ।

## प्रमाण-पत्र

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त जानकारी सही है ।
2. मेनैं/ हमने उपरोक्त नियमों व शर्तों को समझ लिया है और उनको मानने के लिए सहमत/ प्रतिबन्धित हैं ।
3. हस्ताक्षरकर्ता को इस बोली के लिए संस्था/प्रदाता द्वारा अधिकृत किया गया है ।

**निविदाकार/ टैक्सी मालिक के हस्ताक्षर**

स्थानः

दिनांकः

**वित्तीय बोली** **भाग-I**

**वर्ष 2018-19 (01.06.2018 से 31.03.2019) हेतु पर हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चन्डीगढ, उत्तरांचल और दिल्ली आदि बाहरी दौरों जाने के लिए टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु दरें (rates) :**

**(कम से कम 200 कि०मी० प्रति दिन)**

| | वाहन का प्रकार | **पेटौल / डीजल** | **प्रति कि॰ मी॰ दरें ( रूपए में )** | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **कम से कम 200 कि॰मी॰** | **200 कि॰मी॰ से अतिरिक्त** |
| **1** | ऑल्टो / टाटा इन्डिका/ वेगनआर/सैन्ट्रो इत्यादि | | ` | ` |
| **2** | स्कॉरपियों/ टाटा सूमो/ बॉलेरो/तवेरा/इनोवा/ज़ाइलो | | ` | ` |
| **3** | टैम्पो ट्रैवलर | | ` | ` |
| **4** | कोई अन्य लगज़री वाहन | | ` | ` |
| **5.** | रात्रि ठहराव के लिए दरें (प्रति रात्रि) । | | | |

**भाग II - शिमला लोकल के लिए टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए दरें :**

**(अ) कम से कम 60 कि॰मी॰ तथा प्रति दिन 6 घन्टे के लिए**

| | **वाहन का प्रकार** | **पेटौल / डीजल** | **प्रति कि॰ मी॰ दरें ( रूपए में )** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **कम से कम 60 कि॰मी॰ व 6 घन्टे के detention charges सहित** | **60 कि॰मी॰ से अतिरिक्त** | |
| | | | | **प्रति कि॰ मी० दरें** | **6 घन्टे के उपर प्रति घन्टा detention charges** |
| **1** | ऑल्टो / टाटा इन्डिका/ वेगनआर/सैन्ट्रो इत्यादि | | ` | ` | ` |
| **2** | स्कॉरपियों/ टाटा सूमो/ बॉलेरो/तवेरा/इनोवा/ज़ाइलो | | ` | ` | ` |
| **3** | टैम्पो ट्रैवलर | | ` | ` | ` |
| **4** | कोई अन्य लगज़री वाहन | | ` | ` | ` |

**(ब) वास्तविक माइलेज के आधार पर टैक्सी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए दरें:**

| | **वाहन का प्रकार** | **पेटौल / डीजल** | **दरें प्रति कि० मी० ( रूपए में )** |
|---|---|---|---|
| **1** | ऑल्टो / टाटा इन्डिका | | ` |
| **2** | स्कॉरपियों/ टाटा सूमो/ बॉलेरो/तवेरा इनोवा/ ज़ाइलो | | ` |
| **3** | टैम्पो ट्रैवलर | | ` |
| **4** | कोई अन्य लगज़री वाहन | | ` |

**नोटः दरें सभी प्रकार के टैक्स (वस्तु एवं सेवा कर (GST) को छोडकर) भरें/Quote करें ।**

## नियम व शर्तें

### 1. निविदा प्रपत्र प्राप्ति बारे

क) भारत के केन्द्रीय खरीद पोर्टल एनआईसी की वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app. (सीपी पोर्टल) पर हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में टैक्सियां किराए पर लेने के लिए ऑन लाईन दो बोली प्रणाली बिड आमंत्रित कर रहे हैं । मैनुअल बोली किसी भी मामले में स्वीकार नहीं की जाएगी ।

ख) केवल सीपीपी पोर्टल पर रजिस्टर्ड बोलीदाता ही ऑनलाइन बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं । इसलिए, संभावित बोलीदाताओं को सीपीपी पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना चाहिए । आगामी संदर्भ हेतु बोलीदाता https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर उपलब्ध "बोलीदाताओं मैनुअल किट" (Bidders Manual Kit) चैक कर सकते हैं ।

ग) निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट http://hfri.icfre.gov.in व https://eprocure.gov.in/eprocure/app. से महत्वपूर्ण तिथियों के अनुसार डाउनलोड कर सकते हैं । निविदाकर्ताओं को संस्थान से कोई भी हार्ड कॉपी नहीं दी जाएगी । निविदाकर्ताओं को निविदाफार्म का शुल्क रूपये 590 डिमांड ड्राफ्ट या पोस्टल ऑडर के रूप में निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला (Director, HFRI, Shimla) के नाम बनाना होगा । निविदा शुल्क निविदा खोलने की निर्धारित तिथि से पहले इस कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए तथा इसकी स्केन प्रति सीपीपी पोर्टल में पूर्ण निविदा के साथ लगानी आवश्यक होगी ।

### 2. निविदा जमा करने बारे

क) बिड को केवल https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पोर्टल पर ही प्रस्तुत करना होगा । निविदाकर्ता/ ठेकेदार को सलाह दी जाती है कि https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर E-Procurement के लिए '**केन्द्रीय प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बिड की ई प्रस्तुत करने के लिए निविदाकर्ता/ ठेकेदारों के लिए निर्देश**' के निर्देशों का पालन करें ।

ख) एक निविदाकर्ता/ ठेकेदार और निविदाकर्ता/ ठेकेदार जिनके व्यापार सम्बन्ध हो द्वारा एक से ज्यादा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी । इस शर्त का उल्लंघन करने पर दोनो पार्टियों की निविदाएं अस्वीकृत कर दी जाएंगी ।

ग) http://hfri.icfre.gov.in व https://eprocure.gov.in/eprocure/app. से डाउनलोड की गई निविदा (बीओक्यू) को किसी भी तरह संशोधित नहीं करना होगा । डाउनलोड की गई निविदा किसी भी तरीके से संशोधित पायी जाती है तो आपकी निविदा खारिज कर दी जाएगी और ईएमडी भी जब्त कर ली जाएगी । भविष्य में आप पर संस्थान के साथ व्यपार करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा ।

घ) इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा में किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट/ संशोधन के लिए निविदा प्रस्तुत करने से कम से कम तीन दिन पहले http://hfri.icfre.gov.in व https://eprocure.gov.in/eprocure/app. वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें ।

ड) पूरी निविदा महत्वपूर्ण डेट शीट में उल्लेखित तिथि व समय से पहले सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किया जाना चाहिए । महत्वपूर्ण डेट शीट में उल्लिखित तिथि व समय के पश्चात कोई भी निविदा सीपीपी पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा सकता । अतः निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि उल्लेखित तिथि व समय से पहले ही निविदा को सीपीपी पोर्टल पर अपलोड करें ।

च) निविदा दो भागों में ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा अर्थात तकनीकी बोली और मूल्य बोली (Technical Bid and Financial Bid) । बिड के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर और पेज नम्बर अंकित किया जाना जरूरी है और क्रमिक रूप से अपलोड करने से पहले दस्तावेजों की जांच कर लें ।

टेलीग्राम/ फैक्स/ ईमेल द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा । ऐसे मामलों में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

## 3. तकनीकी बिड

निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की हुई कॉपी निविदा दस्तावेज के अनुसार तकनीकी बिड के साथ निविदाकर्ता द्वारा अपलोड करना जरूरी है:

1) विधिवत निविदा प्रपत्र में साथ प्री अखंडता समझौते (Pre-integrity pact) के हर पृष्ठ पर निविदाकर्ता के पीडीएफ फोर्म में हस्ताक्षर होना जरूरी होगा ।
2) पीडीएफ प्रारूप में वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र जो वाहन निविदाकार के नाम हो या संयोजन का अनुबंध की हस्ताक्षरित और स्कैन की हुई कॉपी ।
3) पीडीएफ प्रारूप में अतीत में इसी प्रकार के कार्यों के निष्पादन के दावे के समर्थन में दस्तावेजी सबूत ।
4) पीडीएफ प्रारूप में पैन नंबर की कॉपी ।
5) पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन किए गए पिछले तीन साल के आयकर की कॉपी ।
6) पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन किए गए जी॰एस॰टी॰ नं॰ (GST) की कॉपी ।
7) पीडीएफ प्रारूप में ईएमडी छूट प्रमाण कर स्कैन की हुई कॉपी, यदि निविदाकार्ता पर लागू हो ।
8) पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन निविदा शुल्क की प्रतिलिपि ।
9) पीडीएफ प्रारूप में हस्ताक्षरित व स्कैन ईएमडी की प्रति ।
10) पीडीएफ प्रारूप में आइटम के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधि का प्रमाण पत्र ।

## 4. वित्तीय मूल्य बिड

कीमत बिड बीओक्यू के रूप में निविदा प्रपत्र के साथ सीपीपी पोर्टल में एक्सेल वर्कशीट में अपलोड की जाए ।

वित्तीय प्रस्ताव वाणिज्यिक बिड प्रारूप https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर इस निविदा दस्तावेज़ के साथ एक्सेल वर्कशीट में बीओक्यू के रूप में उपलब्ध है । निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि बिड में बीओक्यू जैसी है वैसी डाउनलोड करने के पश्चात आप अपनी बिड की दरें निर्धारित कॉलम में भरकर इसे वाणिज्यिक बिड में अपलोड करें । डाउनलोड की गई निविदा किसी भी तरीके से संशोधित पायी जाती है तो आपकी निविदा खारिज कर दी जाएगी और ईएमडी भी जब्त कर ली जाएगी । ऐसे निविदाकर्ता को इस संस्थान के साथ व्यापार करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा ।

क) दरें भारतीय रूपये में अंको व शब्दों में दर्शाएं ।
ख) दरें केवल वित्तीय बिड (बीओक्यू एक्सेल वर्कशीट) में ही उद्धृत (Quoted) करें, निविदा फोर्म में किसी अन्य जगह पर उद्धृत (Quoted) न करें ।
ग) यदि किसी मामले में दरें निविदा फोर्म में उद्धृत (Quoted) करते हैं तो ऐसी निविदा तुरंत खारिज कर दी जाएगी ।

घ) दरें सभी प्रकार के टैक्स वस्तु एवं सेवा कर (GST) को छोडकर कर दर्शाएं (Quoted) । वैधानिक टैक्स, फीस इत्यादि की दरें संशोधित होने पर इसके भुगतान की जिम्मेंवारी निविदाकर्ता की होगी ।
ड) यदि अंको और शब्दों में उद्धृत (Quoted) दरों में विसंगति/ अंतर होता है तो शब्दों में उद्धृत (Quoted) दरों पर विचार किया जाएगा ।
च) टीडीएस का भुगतान कटौती के बाद भारत के किसी भी बैंक में कर दिया जाएगा ।
च) निविदाकार द्वारा उद्धृत (Quoted) दरें अनुबंध की पूर्ण अवधि के लिए मान्य होंगी और किसी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा ।

## 5. निविदा के लिए योग्यता

i) केवल https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर पंजीकृत निविदाकार ही ऑनलाइन बोली प्रकिया में भाग ले सकते हैं । इसलिए, संभावित बोलीदाताओं को सीपीपी पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना चाहिए । आगामी संदर्भ हेतु बोलीदाता https://eprocure.gov.in/eprocure/app. पर उपलब्ध "बोलीदाताओं मैनुअल किट" (Bidders Manual Kit) चैक कर सकते हैं ।
ii) निविदाकार का इसी प्रकार के कार्यों के निष्पादन का 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए तथा इस दावे के समर्थन में दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करने होंगे ।
iii) टैक्सियां तीन साल से पुरानी (01.04.2015 से पहले) अथवा 80,000 किलेमीटर से ज्यादा नहीं चली हुई होनी चाहिए ।

## 6. ईएमडी जमा करने बारे

i) **निविदा के साथ ईएमडी रूपये 10000.00 का बैंक ड्राफ्ट या पे ऑर्डर शिमला स्थित किसी भी बैक में देय हो, निदेशक, हिमाल्यन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के नाम बना होना चाहिए एवं बिड खुलने की तिथि से पहले**

**कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए** । जिसकी स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करें

ii) असफल निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई ईएमडी तत्काल लौटा दी जाएगी ।

iii) सफल निविदाकार को रूपये 20,000.00 का परफोर्मेंस सिक्योरिटी (Performance Security) बैंक ड्राफ्ट या पे ऑर्डर शिमला स्थित किसी भी बैक में देय हो, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के नाम बना हो इस कार्यालय में जमा करवाना होगा । निविदा अवधि की सफल समाप्ति तथा अनुबंध की दोष दायित्व अवधि पूर्ण होने पर ही परफोर्मेंस सिक्योरिटी (Performance Security) निविदाकार को लौटाई जाएगी । दोषदायित्व अवधि अनुबंध पूर्ण होने के 60 दिन तक रहेगी । परफोर्मेंस सिक्योरिटी (Performance Security) पर ब्याज देय नहीं होगा । निविदाकार के अनुरोध पर ईएमडी को परफोर्मेंस सिक्योरिटी (Performance Security) मे समायोजित किया जा सकता है ।

## 7. निविदा खोलना

अ) निविदा क्रिटिकल डेट शीट में उल्लेखित तारीख/ समय पर खोली जाएगी ।

ब) निविदा खोलने के समय निविदाकार को उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है । निविदाकार विभिन्न निविदाकारों द्वारा उद्धृत (Quoted) दरें सीसीपी पॉर्टल पर ऑनलाईन बिड खुलने के पश्चात देख सकते हैं । संस्थान में उद्धृत (Quoted) दरें बताने के लिए प्राप्त प्रार्थनाओं पर विचार नहीं किया जाएगा ।

स) तकनीकी निविदा को ऑनलाईन खोलने के बाद, उनके परिणाम और प्राइस बिड खोलने की तिथि बारे भी सूचित किया जाएगा ।

ड़) वित्तीय बिड का आकलन वाहन के प्रकार (item wise) व प्रभागानुसार किया जाएगा । इसके अतिरिक्त वितीय आंकलन BOQ में पार्ट 1, 3 और 6 के अनुसार किया जाएगा । शेष बातचीत (Negotation) से तय किया जाएगा ।

## 8. निदेशक, हि॰व॰अ॰सं॰, शिमला को अधिकार है :

i) पूरी निविदा या निविदा के किसी हिस्से को स्वीकार या अस्वीकार करने का

ii) निविदा को आंशिक रूप से या पूरी तरह से अस्वीकार करने का ।

iii) निविदा नोटिस को रदद करना या वापिस लेना ।

iv) निविदा की conditions के किसी भी विचलन (deviation) को बिना किसी कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करना ।

## 9. निविदा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया

निविदा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया को https://eprocure.gov.in/eprocure/app. साइट से पढ़ा या डाउनलोड किया जा सकता है, तद्दानुसार निविदा को पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया जा सकता है ।

## 10. प्रस्ताव की वैधता

क) निविदा में दिया गया प्रस्ताव निविदा खुलने के पश्चात स्वीकृति के लिए 30 दिन तक मान्य होगा ।

ख) निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि के पश्चात अवांछित पत्राचार निविदा को अवैध करने के लिए उत्तरदायी होगा । इसलिए निविदाकारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अधिसूचित समय के बाद कोई अनावश्यक पत्राचार न करें ।

ग) निविदा खुलने के बाद किसी प्रकार के परिवर्तन या संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

घ) टेलेक्स, तार या फैक्स द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ड) निविदा वैध होने के लिए, निविदा दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों को निर्दिष्ट करना चाहिए कि क्या वे एक मात्र मालिक/ निर्माता/ प्राधिकृत व्यक्ति के रूप में हस्ताक्षर कर रहे हैं या प्राधिकृत डीलर/प्रतिनिधि के रूप में (सबूत के साथ) । जहां आवश्यक हो, निविदा के साथ प्राधिकरण पत्र नहीं लगा होगा ऐसी निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

## 11. सफल निविदाओं की आपूर्ति का निष्पादन

क) कार्यआदेश जारी होने पर निविदाकार को निर्धारित समय के भीतर सेवाएं उपलब्ध करवानी होंगी अन्यथा ईएमडी जब्त कर ली जाएगी और ऐसी निविदाकार को ब्लैकलिस्टिड कर दिया जाएगा ।

ख) भुगतान केवल संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध करवाने पर ही किया जाएगा ।

ग) हि.व.अ.सं पूरी निविदा या निविदा के कुछ भाग का आदेश करने का अधिकार रखता है । इसलिए एक निविदा के एक या एक से अधिक कार्यआदेश हो सकते हैं ।

**12.** सेवाओं का निष्पादित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित विशिष्टता एवं कार्यआदेश के अनुरूप ही होना चाहिए । निदेशक, हि.व.अ.सं., शिमला ऐसी निविदाओं जो विनिर्देशों के अनुसार नहीं पाई जाती हैं, को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

**13.** दर्शाए गए प्रपत्र पर आवश्यक प्रयोजन के लिए अपर्याप्त जगह होने पर अतिरिक्त पेज जोडा जा सकता है । ऐसे प्रत्येक अतिरिक्त पेज निविदाकर्ता द्वारा गिने जाने चाहिए एवं हस्ताक्षरित होने चाहिए । ऐसे मामलों में अतिरिक्त पृष्ठों का संदर्भ निविदा प्रपत्र में जोड़ा जाना चाहिए ।

**14.** व्यक्ति, जो निविदा और निविदा से संम्बन्धित दस्तावेज हस्ताक्षरित कर रहा है, यह आवश्य निर्दिष्ट करें कि वह हस्ताक्षरः

i) फर्म का एकमात्र मालिक और मालिक का अधिकृत वकील/ प्रतिनिधि

ii) यदि यह एक साझेदारी है, तो वह साझेदारी के व्यवसाय के विषय में विवाद पर मध्यस्थता करने का उल्लेख करने का अधिकार या तो सांझेदारी समझौते के आधार पर या Power of Attorney के आधार पर ।

iii) यदि एक कम्पनी है तो फर्म से अधिकृत व्यक्ति ।

N.B.I.:

पावर ऑफ अटार्नी, किसी भी स्थिति में, जो कि नोटरी पब्लिक द्वारा दी गई हो, यदि पहले हिमालयन वन अनुसंधान को शपथ पत्र के रूप में मुद्रांकित कागज पर प्रस्तुत न की गई हो, प्रस्तुत की जानी चाहिए जिसके अन्तर्गत सभी भागीदारों द्वारा सहमति प्रकट की गई हो कि भागीदारी समझौता कार्यान्वित है तथा जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी प्रस्तुत की जानी भी आवश्यक है ।

iv) साझेदारी व्यवसाय के विषय में विवाद का उल्लेख करने के मामलों में किसी भी साथी पर पुष्टि की गई है फर्म जहां कोई अधिकार साझेदारी के टैंडर और अन्य सभी संबंधित दस्तावेजों फर्म के प्रत्येक साझेदार द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए ।

v) निविदा फॉर्म या इससे सम्बन्धित अन्य दस्तावेजों को किसी अन्य की ओर से हस्ताक्षरित करने वाले व्यक्ति के पास ऐसा करने का अधिकार हो ।

**15.** यदि संस्थान द्वारा सेवाएं निर्धारित मात्रा से अधिक ली जाती हैं तो, निविदाकार द्वारा उद्धृत (Quoted) दरों पर दी जानी वाली छूट का भी स्पष्ट उल्लेख किया जाए ताकि निविदाकार को तद्दानुसार कार्य आदेश जारी किया जा सके ।

16. निविदाकर्ता द्वारा जिस तिथि से सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निविदा मे उल्लेख किया गया है वह निविदा में निर्दिष्ट करनी चाहिए ।

17. सेवाओं की आपूर्ति के लिए संस्थान के आदेश प्राप्त करने के बाद, निर्धारित अवधि के भीतर सेवाओं की आपूर्ति की पुष्टि के लिए औपचारिक पत्र द्वारा तुरंत कार्यालय को सूचित किया जाएगा । पुष्टि के अभाव में निविदा का आदेश अगले निविदाकार को दिया जा सकता है ।

18. बैंक डिमांड ड्राफ्ट के लिए चार्ज कमीशन संबंधित निविदाकार द्वारा वहन की जाएगी और उनकी देय राशियों से काट ली जाएगी ।

19. यदि कार्य आदेश का निष्पादन वैधता अवधि के भीतर नहीं होता और ऐसा प्रतीत होता है कि निविदाकार की ओर से अनावश्यक देरी की जा रही है तो निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान आपूर्ति आदेश का 10% जुर्माना अधिरोपित करने के लिए स्वतंत्र होगा और बिल की राशि से ऐसा जुर्माना काट लिया जाएगा ।

20. हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान विलंब शुल्क/ यातायात एवं अन्य किसी प्रकार के शुल्क के लिए जिम्मेंवार नहीं होगा ।

21. विभिन्न सरकारी विभागों और निजी कंपनियों से कार्यों के सफल समापन रिपोर्ट के प्रमाण पत्र निविदा पत्र के साथ संलग्न किये जाने चाहिए ।

22. कार्य आदेशानुसार काम का निष्पादन न होने के एवं किसी प्रकार की जालसाजी होने पर निविदाकार के विरूद्ध उचित कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है और ऐसे निविदाकार को blacklist भी कर दिया जाएगा ।

23. निर्धारित समयावधि में सेवाएं उपलब्ध करवाने में असफल होने पर आपूर्ति आदेश स्वतः ही रदद हो जाएगा, जबतक संस्थान के निदेशक द्वारा नहीं बढ़ाया जाएगा ।

24. उचित मामलों में बिना जुर्माना जगाए सेवाएं उपलब्ध करवाने की तिथि के विस्तार की अनुमति दी जा सकती है । वैध सबूत के आधार पर मामले की योग्यता को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा ।

25. निविदाकार द्वारा उपरोक्त किसी भी नियम और शर्तों को तोडने पर निदेशक, हि.व.अ.सं., शिमला उन्हें दंड लगाने का व निविदाकार को blacklist करने का अधिकार रखता है ।

26. निविदा बुकलेट में समाहित नियम और शर्तों के दस्तावेज के सभी पृष्ठों पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर किए जाने चाहिए अन्यथा निविदा को तुरंत रदद कर दिया जाएगा ।

27. निविदा फार्म और विस्तृत नियमों और शर्तों पर निविदाकार के हस्ताक्षर होने पर इन नियमों और शर्तों के अंतिम स्वीकृति के रूप में समझा जाएगा ।

28. निविदा के साथ भाग II को भी भरकर एवं हस्ताक्षर के पश्चात आवश्य सल्ग्न करें

## इसके अतिरिक्त अन्य नियम व शर्ते

**29.** क्वालीफाइंग बिड निविदाकार या उनके प्रतिनिधियों के सामने उन्हीं फर्मों की खोली जायेगी, जिनकी क्वालीफाइंग बिड ठीक पाई जायेगी ।

**30.** साधारणतः टैक्सीयां (1. Alto/Tata Indica 2.Scorpio/ Tavera/ Tata Sumo/ Balero/ Innova/ Xylo/Tempo Traveler) इत्यादि हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तरांचल और दिल्ली आदि स्थानों के दौरे पर जाने हेतू चाहिए ।

**31.** टैक्सी ऑपरेटर के नाम कम से कम दो प्राईवेट टैक्सी रजिस्टर्ड होनी चाहिए या संयोजन का अनुबन्ध (Attachment of Agreement) या सम्बन्धित प्रमाण पत्र दोनों पार्टियों के द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए (वाहन संयोजन के केस में आवश्यक अनुबंन्ध अथवा प्रमाण पत्र सलंग्न करें) । पंजीकृत प्रमाण पत्र की छाया प्रति भी निविदा के साथ लगाएं ।

**32.** वाहन चालक के पास मान्य ड्राईविंग लाइसैन्स होना चाहिए व हमेशा उचित वर्दी में होना चाहिए । उसे सभी स्थानों का जैसे हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तरांचल और दिल्ली आदि का ज्ञान होना चाहिए, उसके विरूद्ध कोई पुलिस या कोर्ट केस नही चल रहा होना चाहिए । स्टाफ के साथ उसका व्यवहार अच्छा रहना चाहिए । ड्राइवर के ड्राईविंग लाइसैन्स की एक प्रमाणित छाया प्रति हि.व.अ.सं. में जमा करवानी होगी ।

**33.** टैक्सियां तीन साल से पुरानी (01.04.2015 से पहले की न हो) अथवा 80,000 कि.मी. से ज्यादा चली हुई नहीं होनी चाहिए और गाडी अच्छी हालत में, सुविधाजनक व चलने में अच्छी होनी चाहिए । टैक्सी ऑपरेटर के पास मोबाईल व दूरभाष घर व कार्यालय में होना चाहिए, जहां उससे टैक्सी हेतू सम्पर्क स्थापित किया जा सके ।

**34.** साधारणत परियोजना अन्वेषक/ प्रभारी टैक्सी दौरे पर जाने हेतू निविदाकार को अपनी माँग 1 या 2 दिन पहले देंगे ।

**35.** मीटर रीडिंग एच.एफ.आर.आई. कैम्पस से चलने व कैम्पस में पहुचने की ली जायेगी ।

**36.** नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात्रि भोजन व चाय आदि के लिए वाहन चालक को कोई अन्य माईलेज नहीं दी जायेगी, उसके लिए उसकी अपनी व्यवस्था होगी ।

**37.** दौरे के दौरान गाड़ी में कोई भी खराबी आने पर टैक्सी ऑपरेटर को तुरन्त अन्य वाहन का प्रबन्ध करना होगा ।

**38.** पैट्रोल / डीजल की दरों में बढ़ोतरी होने पर दरें नहीं बढ़ाई जायेगी । निविदाओं के आधार पर दरें एक साल के लिए मान्य होगी । गाड़ी का किसी भी प्रकार का नुक्सान के लिए एच.एफ.आर.आई. जिम्मेवार नहीं होगा ।

**39.** सभी टोल व अन्य टैक्स निविदाकार को भरने होंगे ।

**40.** दौरे के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना, चोट या टैक्सी चालक की मृत्यु आदि के लिए एच.एफ.आर.आई. जिम्मेवार नहीं होगी, उसके लिए निविदाकार स्वयं जिम्मेवार होगा ।

**41.** टैक्सी दौरे आदि पर जाने हेतू निदेशक, वाहन अधिकारी के निर्देश मान्य होंगे ।

**42.** निविदाकार द्वारा संस्थान को सन्तोषजनक टैक्सी सेवाए प्रदान करनी होंगीं ।

**43.** निविदाकार को सस्थान द्वारा प्रदान किए गए अधिकार और कान्ट्रैक्ट को किसी भी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को हस्तातरित करने की अनुमति नही होगी ।

**44.** साधारणतः कान्ट्रैक्ट की अवधि एक वर्ष के लिए मान्य होगी, जिसकी अवधि निविदाकार द्वारा प्रदान की गई सेवाओं, नियमों व शर्तो को मध्यनजर रखते हुए एक वर्ष से आगें सक्षम अधिकारी द्वारा बढायी जा सकती है । आपसी सम्मति (mutual consent ) से यदि कान्ट्रैक्ट की अवधि बढायी नही जाती है तो कान्ट्रैक्ट स्वतः एक वर्ष पूरा होने पर समाप्त हो जाएगा ।

**45.** बिलों का भुगतान अधिकारियों/ वैज्ञानिकों जो दौरे पर टैक्सी सुविधा प्राप्त करेंगे, के द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त संस्थान द्वारा किया जाएगा ।

**46.** आयकर की कटौती उसी समय आयकर अधिनियम के तहत संस्थान द्वारा की जायेगी, जिसका संस्थान द्वारा टी.डी.एस. प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा ।

**47.** निदेशक, एच.एफ.आर.आई. बिना किसी कारण के कभी भी निविदाकार की सेवाएं समाप्त कर सकते हैं ।

**48.** **दण्ड प्रावधान**

1. पुराना मॉडल निर्धारित मापदंड के अलावा तय रेट से 10% कटौती ।
2. प्रति अवसर देरी के लिए 200/- प्रति घंटा ।
3. अयोग्य या सड़क पर न ले जाने योग्य वाहन 500/- प्रति अवसर ।
4. चालक का दुर्व्यवहार या संस्थान के अनुदेश का पालन न करने पर 500/- प्रति अवसर ।

**49.** निविदाकार के लिए यह अनिवार्य है कि चालकों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के अनुसार भुगतान किया जाए ।

**50.** यदि निविदाकार निर्धारित समय से पूर्व टैण्डर समाप्त करना या छोड़ना चाहता है तो उसे कम से कम तीन माह पूर्व निदेशक, एच.एफ.आर.आई. को सूचित करना होगा साथ ही प्रतिभुति राशि का 50% जब्त कर दिया जाएगा ।

**51.** यदि निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किया गया विवरण, किसी भी समय गल्त पाया गया, तो इसे निविदा की शर्तों का उल्लंधन माना जायेगा और निदेशक, एच.एफ.आर.आई. जो भी कार्यवाही निविदाकार के विरूद्ध उचित समझेंगे, करेगें ।

**52.** अनुबन्ध की कोई भी शर्त तोड़ने पर निविदाकार की प्रतिभूति राशि (Performance Security) निदेशक, एच.एफ.आर.आई. द्वारा जब्त कर ली जायेगी ।

**53.** निविदाकार अथवा वाहन चालक के किसी भी प्रकार के अनाचार (malpractice) पर निविदाकार की सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी ।

**54.** निविदाकार को निदेशक, एच.एफ.आर.आई. के साथ टैक्सी सुविधा उपलब्ध करवाने हेतू ` 50/- का Non Judicial Stamp Paper लाकर अनुबन्ध करना होगा ।

**55.** क्वालीफाइंग बिड के साथ निविदाकार को ` 10,000/- का बैंक ड्राफ्ट/ बैंक गारंटी निदेशक, एच.एफ.आर.आई. के नाम धरोहर राशि के रूप में सल्गन करना होगा ।

**56.** निविदाकार संस्थान के नियम व शर्तों को मानने के लिए प्रतिबन्धित होगा ।

**57.** पूर्ण सन्तोषजनक पाए जाने वाले निविदाकार को ही सक्षम अधिकारी द्वारा कार्यआदेश जारी किया जायेगा ।

**58.** निविदाकार के द्वारा संस्थान के नियम व शर्तो को न मानने पर निविदा को रद्द दिया जायेगा ।

**59.** शुरूआत में बिड एक वर्ष के लिए ही मान्य होगी । निदेशक, एच.एफ.आर.आई. द्वारा उक्त अवधि बढ़ाई भी जा सकती है ।

**60.** सफलतम निविदाकार को ` 20,000/- की प्रतिभुति राशि (performance security) जमा करवानी पड़ेगी, जो निविदा की अवधी पूर्ण होने के 2 माह पश्चात वापिस की जायेगी ।

**61.** किसी भी विवाद-प्रतिवाद के न्यायाधिकार के लिए शिमला के न्यायालय ही मान्य होगें

## नियम और शर्तों की स्वीकृति का प्रमाण पत्र

मैंने/ हमने हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में टैक्सी किराए पर लेने के लिए क्रिटिकल डाटा शीट में उल्लिखित तिथि और समय पर खुलने वाली निविदाओं उल्लेखित नियमों और शर्तों को पढ़ लिया है ।

मैं/ हम इनका पालन करने के लिए तैयार हैं ।

मैंने/ हमने निविदा दस्तावेज पुस्तिका के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर किए हैं ।

निविदाकार के हस्ताक्षर और सील
या उसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

दिनांक
पत्राचार
दूरभाष नम्बर